# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| अमर उजाला | 3.7.26 | 4 | 7-8 |

## एचएयू के 10 विद्यार्थियों की कैंपस प्लेसमेंट



कुलपति प्रो. काम्बोज के साथ चयनित विद्यार्थी। स्रोत : संस्थान

हिसार। चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय (एचएयू) के 10 विद्यार्थियों का कैंपस प्लेसमेंट के तहत विभिन्न प्रतिष्ठित संस्थानों में चयन हुआ है। कुलपति प्रो. बलदेव राज काम्बोज ने चयनित विद्यार्थियों को बधाई दी। छात्र कल्याण निदेशक डॉ. मदन खीचड़ ने बताया कि आईसीआईसीआई बैंक ने नौ विद्यार्थियों का रिलेशनशिप मैनेजर (एग्री) पद पर 4.5 लाख रुपये वार्षिक पैकेज पर चयन किया है। वहीं, स्टार एग्रीसीड्स ने एमबीए विद्यार्थी संजय स्वामी को सेल्स ऑफिसर पद पर 5 लाख रुपये वार्षिक पैकेज पर नियुक्त किया है। प्लेसमेंट सेल विद्यार्थियों के लिए रोजगार के अवसर बढ़ाने के लिए लगातार प्रयासरत है। संवाद

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| दैनिक भास्कर | 3.7.26 | 3 | 1-2 |

## एचएयू के 10 विद्यार्थियों का संस्थानों में चयन



हिसार| एचएयू के 10 विद्यार्थियों का कैंपस प्लेसमेंट अभियान के तहत प्रतिष्ठित संस्थानों में चयन हुआ है। विश्वविद्यालय के छात्र कल्याण निदेशालय के काउंसलिंग एवं प्लेसमेंट सेल ने यह अभियान किया। वीसी प्रो. बलदेव राज काम्बोज ने चयनित विद्यार्थियों को कहा कि यह उपलब्धि उनकी मेहनत और विश्वविद्यालय में मिली गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का परिणाम है। चयनित विद्यार्थियों में माराश, योगेश, सुरभि, निर्मल सिंह, यशवीर, यशविनी, प्रियंका, राजन धनखड़ तथा दीपांशु कोहले शामिल हैं। इन सभी को 4.5 लाख रुपए वार्षिक पैकेज पर नियुक्ति प्रदान की गई है। इसके अतिरिक्त स्टार एग्रीसीड्स द्वारा एमबीए के विद्यार्थी संजय स्वामी का चयन सेल्स ऑफिसर पद पर 5 लाख रुपए वार्षिक पैकेज पर हुआ है।

छात्र कल्याण निदेशक डॉ. मदन खीचड़ के अनुसार आईसीआईसीआई बैंक ने नौ विद्यार्थियों को रिलेशनशिप मैनेजर (एग्री) पद के लिए चुना है, जिनका वार्षिक पैकेज 4.5 लाख रुपए है। स्टार एग्रीसीड्स ने एमबीए के एक विद्यार्थी को सेल्स ऑफिसर पद के लिए 5 लाख रुपए वार्षिक पैकेज पर चयनित किया। सह-निदेशक डॉ. सुबोध अग्रवाल ने बताया कि कंपनियों को आमंत्रित कर रोजगार अवसर बढ़ाने के प्रयास लगातार जारी हैं।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| | 2-7-26 | 6 | 3-6 |

**दैनिक भास्कर**

चारा फसल • 4-5 बार करें मिट्टी की जुताई, 1 एकड़ में 8 किलोग्राम बीज डालें

# मक्का की 15 जुलाई तक बिजाई करें, संकर व बायोफोर्टिफाइड किस्में अपनाएं

यशपाल सिंह | हिसार

मक्का की खेती के लिए रेतीली दोमट व दोमट मिट्टी और अच्छे जल निकासी वाले खेतों का चयन करें। 4-5 जुताई कर दो बार सुहागा लगाएं ताकि मिट्टी भुरभुरी हो जाए और खेत में ढ़ेले न रहें। मक्का की ब्रिजाई केवल ऊंचे इलाकों में ही करें, जहां पानी की निकासी हो सकें। मक्का फसल की बिजाई मध्य जुलाई तक पूरी कर लें।

हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज ने बताया कि सामान्य मक्का की लंबी व मध्यम अवधि के सिफारिश सुधा एकल संकर किस्में और बायोफोर्टीफाइड मक्का की पूसा एचएम 4, पूसा एचक्यूपीएम 1 इम्प्रूवड, पूसा एचक्यूपीएम. 5 इम्प्रूवड, एचक्यूपीएम 1, एचक्यूपीएम 4 और एचक्यूपीएम 5, संकर किस्मों का ही प्रयोग करना चाहिए। टेम्बोट्रियोन लोडिस 42: एससी 115 मिलीलीटर प्रति एकड़ की दर से बिजाई के 20-25 दिन बाद 200 लीटर पानी में मिलाकर छिड़काव करें।

## बजाई से पहले कर लें बीजोपचार



मक्का की फसल।

एक एकड़ खेत के लिए 8 किलोग्राम बीज की आवश्यकता होती है। मक्का में फॉल आर्मीवर्म फॉ सर्वाधिक हानिकारक कीट है फॉ की रोकथाम के लिए क्लोरट्रानिलीप्रोल 19.8: थायमेथोक्सम 19.8: कीटनाशी द्वारा 6 मिलीलीटर प्रति किलोग्राम बीज कि दर से शाम को बीजोपचार करें व सुबह बिजाई करें। इससे दीमक व तना छेदक की रोकथाम भी हो जाएगी। फसल को बीमारियों से बचाने के लिए थीरम 4 ग्राम/किलोग्राम बीज की दर से उपचारित करें। बीज को बिजाई से 4-5 घंटे पहले उपचारित करें।

▪ **बिजाई का तरीका**: पूर्व-पश्चिम दिशा में मेढ़ बनाकर, मेढ़ के दक्षिण दिशा में उपचारित बीज से 4-6 सेंटीमीटर गहरी बीजाई करें। बाद में आधा खूड़ की ऊंचाई तक पानी लगाने से जमाव ज्यादा व जल्दी होता है। बिजाई यदि न्यूमैटिक प्लांटर द्वारा चौड़ा खूड विधि का उपयोग करके की जाए तो जमाव अधिक होता है व पानी की भी 30-35 : बचत होती है।

▪ **खाद व उर्वरक**: ज्यादा पैदावार लेने के लिए गोबर की खाद 60 क्विंटल प्रति एकड़ खेत की तैयारी से पहले डालें। सामान्य दशाओं में 50 किग्रा डीएपी 40 किग्रा एमओपी व 37 किलोग्राम यूरिया का प्रयोग बुवाई के समय करें।

▪ **खरपतवार नियंत्रण**: खरपतवार नियंत्रित के लिए 600 ग्राम एट्राजिन 50: डब्ल्यूपी को 200 लीटर पानी में मिलाकर प्रति एकड़ के हिसाब से बिजाई के 1-2 दिन बाद या खरपतवार अंकुरण से पहले छिड़काव करें।

▪ **कीट नियंत्रण**: फसल में फॉल आर्मी वर्म सबसे खतरनाक कीट होता है। इसका पता लगाने के लिए खेत में 5 फिरोमोन पिंजरा प्रति एकड़ की दर से बिजाई के बाद लगाएं। क्लोरेनट्रेनिलीप्रोल 18.5 : एससी 80 मिलि. प्रति एकड़ या स्पाइनटोराम एससी 100 मिली का 200 लीटर पानी में घोल बनाकर छिड़काव करें।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| दक्ष दर्पण | 03.07.2026 | ----- | ---- |

**हिसार:** चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों ने प्लेसमेंट के क्षेत्र में एक और उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है। छात्र कल्याण निदेशालय के अंतर्गत काउंसलिंग एवं प्लेसमेंट सेल द्वारा आयोजित प्लेसमेंट अभियान में विश्वविद्यालय के 10 विद्यार्थियों का विभिन्न प्रतिष्ठित संस्थानों में चयन हुआ है। कुलपति प्रो. बलदेव राज काम्बोज ने चयनित विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि यह उनकी मेहनत, लग्न एवं विश्वविद्यालय से प्राप्त गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का परिणाम है। हकृवि में विद्यार्थियों को केवल शैक्षणिक ज्ञान ही नहीं, बल्कि उद्योगों की आवश्यकताओं के अनुरूप व्यावहारिक कौशल भी प्रदान किया जाता है, जिससे वे रोजगार के क्षेत्र में अपनी अलग पहचान बना रहे हैं। छात्र कल्याण निदेशक डॉ. मदन खीचड़ ने बताया कि काउंसलिंग एवं प्लेसमेंट सेल के समन्वय से आईसीआईसीआई बैंक ने विश्वविद्यालय के नौ विद्यार्थियों का चयन रिलेशनशिप मैनेजर (एग्री) पद के लिए किया है। चयनित विद्यार्थियों में माराश, योगेश, सुरभि, निर्मल सिंह, यशवीर, यशविनी, प्रियंका, राजन धनखड़ तथा दीपांशु कोहले शामिल हैं। इन सभी को 4.5 लाख रुपये वार्षिक पैकेज पर नियुक्ति प्रदान की गई है। इसके अतिरिक्त स्टार एग्रीसीड्स द्वारा एमबीए के विद्यार्थी संजय स्वामी का चयन सेल्स ऑफिसर पद पर 5 लाख रुपये वार्षिक पैकेज पर हुआ है। सह-निदेशक छात्र कल्याण (काउंसलिंग एवं प्लेसमेंट) डॉ. सुबोध अग्रवाल ने बताया कि विश्वविद्यालय में राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर की कंपनियों को आमंत्रित कर विद्यार्थियों के लिए रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। प्लेसमेंट अभियान में प्रतिभावान विद्यार्थियों का निजी क्षेत्र के संस्थानों में चयन हो रहा है। पिछले शैक्षणिक सत्र में प्लेसमेंट सेल के प्रयासों से 53 विद्यार्थियों का विभिन्न प्रतिष्ठित संस्थानों में चयन हुआ था। इस अवसर पर कृषि महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. रमेश गोयल व एसवीसी कपिल अरोड़ा भी उपस्थित रहे।



कुलपति प्रो. काम्बोज के साथ चयनित विद्यार्थी

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| नभ छोर | 02.07.2026 | ----- | ---- |


# हकृवि के विद्यार्थियों का कैंपस प्लेसमेंट के तहत प्रतिष्ठित संस्थानों में हुआ चयन

नभ-छोर न्यूज ⏭ 02 जुलाई

हिसार। चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों ने प्लेसमेंट के क्षेत्र में एक और उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है। छात्र कल्याण निदेशालय के अंतर्गत काउंसलिंग एवं प्लेसमेंट सेल द्वारा आयोजित प्लेसमेंट अभियान में विश्वविद्यालय के 10 विद्यार्थियों का विभिन्न प्रतिष्ठित संस्थानों में चयन हुआ है। कुलपति प्रो. बलदेव राज काम्बोज ने चयनित विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि यह उनकी मेहनत, लग्न एवं विश्वविद्यालय से प्राप्त गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का परिणाम है। हकृवि में विद्यार्थियों को केवल शैक्षणिक ज्ञान ही नहीं, बल्कि उद्योगों की आवश्यकताओं के अनुरूप व्यावहारिक कौशल भी प्रदान किया जाता है, जिससे वे रोजगार के क्षेत्र में अपनी अलग पहचान बना रहे हैं। छात्र कल्याण निदेशक डॉ. मदन खीचड़ ने बताया कि काउंसलिंग एवं प्लेसमेंट सेल के समन्वय से आईसीआईसीआई बैंक ने विश्वविद्यालय के नौ विद्यार्थियों का चयन रिलेशनशिप मैनेजर (एग्री) पद के लिए किया है। चयनित विद्यार्थियों में माराश, योगेश, सुरभि, निर्मल सिंह, यशवीर, यशविनी, प्रियंका, राजन धनखड़ तथा दीपांशु



कोहले शामिल हैं। इन सभी को 4.5 लाख रुपये वार्षिक पैकेज पर नियुक्ति प्रदान की गई है। इसके अतिरिक्त स्टार एग्रीसीड्स द्वारा एमबीए के विद्यार्थी संजय स्वामी का चयन सेल्स ऑफिसर पद पर 5 लाख रुपये वार्षिक पैकेज पर हुआ है। सह-निदेशक छात्र कल्याण (काउंसलिंग एवं प्लेसमेंट) डॉ. सुबोध अग्रवाल ने बताया कि विश्वविद्यालय में राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर की कंपनियों को आमंत्रित कर विद्यार्थियों के लिए रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। प्लेसमेंट अभियान में प्रतिभावान विद्यार्थियों का निजी क्षेत्र के संस्थानों में चयन हो रहा है। पिछले शैक्षणिक सत्र में प्लेसमेंट सेल के प्रयासों से 53 विद्यार्थियों का विभिन्न प्रतिष्ठित संस्थानों में चयन हुआ था। इस अवसर पर कृषि महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. रमेश गोयल व एसवीसी कपिल अरोड़ा भी उपस्थित रहे।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय,
हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| सिटी पल्स | 03.07.2026 | ----- | ---- |

# कैंपस प्लेसमेंट में हकृवि के 10 विद्यार्थियों का हुआ चयन



सिटी पल्स न्यूज, हिसार। हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों ने प्लेसमेंट के क्षेत्र में एक और उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है। छात्र कल्याण निदेशालय के अंतर्गत काउंसलिंग एवं प्लेसमेंट सेल द्वारा आयोजित प्लेसमेंट अभियान में विश्वविद्यालय के 10 विद्यार्थियों का विभिन्न प्रतिष्ठित संस्थानों में चयन हुआ है।

कुलपति प्रो. बलदेव राज काम्बोज ने चयनित विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि यह उनकी मेहनत, लग्न एवं विश्वविद्यालय से प्राप्त गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का परिणाम है। छात्र कल्याण निदेशक डॉ. मदन खीचड़ ने बताया कि काउंसलिंग एवं प्लेसमेंट सेल के समन्वय से आईसीआईसीआई बैंक ने विश्वविद्यालय के नौ विद्यार्थियों का चयन रिलेशनशिप मैनेजर (एग्री) पद के लिए किया है। चयनित विद्यार्थियों में माराश, योगेश, सुरभि, निर्मल सिंह, यशवीर, यशविनी, प्रियंका, राजन धनखड़ तथा दीपांशु कोहले शामिल हैं। इन सभी को 4.5 लाख रुपये वार्षिक पैकेज पर नियुक्ति प्रदान की गई है। इसके अतिरिक्त स्टार एग्रीसीड्स द्वारा एमबीए के विद्यार्थी संजय स्वामी का चयन सेल्स ऑफिसर पद पर 5 लाख रुपये वार्षिक पैकेज पर हुआ है।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय,
हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| पाठक पक्ष | 03.07.2026 | ----- | ---- |

# हकृवि के विद्यार्थियों का कैंपस प्लेसमेंट के तहत प्रतिष्ठित संस्थानों में हुआ चयन



-पाठकपक्ष न्यूज-

हिसार, 3 जुलाई : चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों ने प्लेसमेंट के क्षेत्र में एक और उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है। छात्र कल्याण निदेशालय के अंतर्गत काउंसलिंग एवं प्लेसमेंट सेल द्वारा आयोजित प्लेसमेंट अभियान में विश्वविद्यालय के 10 विद्यार्थियों का विभिन्न प्रतिष्ठित संस्थानों में चयन हुआ है। कुलपति प्रो. बलदेव राज काम्बोज ने चयनित विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि यह उनकी मेहनत, लग्न एवं विश्वविद्यालय से प्राप्त गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का परिणाम है। हकृवि में विद्यार्थियों को केवल शैक्षणिक ज्ञान ही नहीं, बल्कि उद्योगों की आवश्यकताओं के अनुरूप व्यावहारिक कौशल भी प्रदान किया जाता है, जिससे वे रोजगार के क्षेत्र में अपनी अलग पहचान बना रहे हैं। छात्र कल्याण निदेशक डॉ. मदन खीचड़ ने बताया कि काउंसलिंग एवं प्लेसमेंट सेल के समन्वय से आईसीआईसीआई बैंक ने विश्वविद्यालय के नौ विद्यार्थियों का चयन रिलेशनशिप मैनेजर (एग्री) पद के लिए किया है। चयनित विद्यार्थियों में माराश, योगेश, सुरभि, निर्मल सिंह, यशवीर, यशविनी, प्रियंका, राजन धनखड़ तथा दीपांशु कोहले शामिल हैं। इन सभी को 4.5 लाख रुपये वार्षिक पैकेज पर नियुक्ति प्रदान की गई है। इसके अतिरिक्त स्टार एग्रीसीड्स द्वारा एमबीए के विद्यार्थी संजय स्वामी का चयन सेल्स ऑफिसर पद पर 5 लाख रुपये वार्षिक पैकेज पर हुआ है। सह-निदेशक छात्र कल्याण (काउंसलिंग एवं प्लेसमेंट) डॉ. सुबोध अग्रवाल ने बताया कि विश्वविद्यालय में राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर की कंपनियों को आमंत्रित कर विद्यार्थियों के लिए रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। प्लेसमेंट अभियान में प्रतिभावान विद्यार्थियों का निजी क्षेत्र के संस्थानों में चयन हो रहा है। पिछले शैक्षणिक सत्र में प्लेसमेंट सेल के प्रयासों से 53 विद्यार्थियों का विभिन्न प्रतिष्ठित संस्थानों में चयन हुआ था। इस अवसर पर कृषि महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. रमेश गोयल व एसवीसी कपिल अरोड़ा भी उपस्थित रहे।